वर्ष-01, अंक-176
छपरा
रविवार 28 अप्रैल 2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# प्रियंका बोलीं-एक अंकल जी दरबार लगाकर ज्ञान दे रहे हैं-कांग्रेस आएगी... मंगलसूत्र चुराएगी...किसी और को दे देगी

## प्रधानमंत्री बकवास करते हैं

**वलसाड,एजेन्सी।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने शनिवार को गुजरात के वलसाड में कांग्रेस कैंडिडेट अनंत पटेल के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। प्रियंका ने कहा- प्रधानमंत्री आजकल कह रहे कि कांग्रेस आएगी, आपका मंगलसूत्र चुराएगी और दूसरे को बांट देगी। आप क्या करेंगे...हंसेंगे न।

प्रियंका ने कहा- हमारे परिवार से दो-दो प्रधानमंत्री रहे हैं। जब मैं छोटी थी तो इंदिरा दादी और पिता राजीव गांधी के साथ घूमने जाती थी। मैं देखती थी कि उनके संसदीय क्षेत्र के लोग उन्हें काम को लेकर डांट देते थे, लेकिन वो नाराज नहीं होते थे, क्योंकि उनमें अहंकार नहीं था। मोदी को कोई कुछ बोल नहीं सकता।

कांग्रेस नेता ने कहा- जिस नेता में अहंकार होता है, उसका पतन निश्चित है। मोदी जी बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन उनके पास गरीब जनता के लिए कुछ नहीं है। सरकार के पास जो है, वो अडाणी-अंबानी जैसे करोड़पतियों के लिए है।

प्रियंका ने कहा- इन्होंने हमारे परिवार को कितनी गाली दी। मां, पिता, दादी, दादा, परदादा, भाई, पति किसी को नहीं छोड़ा। कोई बात नहीं,



करते रहें। 56 इंच का इनका सीना नहीं है। लोहे के सीने हैं हमारे। करते रहें लेकिन देश के सामने इस तरह के झूठ बोलना, इस स्तर पर आना। हमें कोई परवाह नहीं है।

**प्रधानमंत्री बकवास बातें कर रहे** प्रियंका गांधी ने कहा कि आपने देखा होगा कि शादी में एक अंकल जी होते हैं, वे कोने में बैठ जाते हैं और दरबार लगाते हैं। अंकल जी सबको अपना ज्ञान देते रहते हैं। लोगों को भी लगता है कि अंकल जी कुछ नया लाएंगे।आप कहीं चाय की दुकान, शादी में जाएं और ऐसे ही कोई अंकल जी कहें कि कांग्रेस की सरकार किसी एक्स-रे मशीन से घरों के बक्सों को चेक करेगी या महिलाओं के मंगलसूत्र को एक्स-रे से निकालकर चोरी कर लेगी तो आप क्या कहेंगे। आप यही कहेंगे न कि अंकल जी %बड़ी% बात कह दी। आप इन बातों पर हंसते हैं न। आप यही कहते हैं न कि अंकल कुछ नया सोचो।

### संविधान बदलना चाहती है

भाजपा प्रियंका ने कहा- भाजपा लोगों को कमजोर करने और उनके अधिकारों से वंचित करने के लिए संविधान को बदलना चाहती है। इसी संविधान ने हमें सभी अधिकार दिया है। भाजपा लोकतंत्र को कमजोर करना चाहती है। कांग्रेस नेता ने कहा- भाजपा ने लोकतंत्र को बचाने वाले संस्थानों को कमजोर किया है। जब हमारी सरकार थी, तो मीडिया हर रोज हमसे सवाल करती थी। किसी ने उन्हें रोका नहीं। जेल में नहीं डाला। आज पूरी मीडिया बिकी हुई है। प्रियंका ने कहा- आज जिन-जिन राज्यों में हमारी सरकार है, वहां हमने अपनी सभी गारंटी को पूरा किया है। अगर आप फिर से मोदी सरकार लाएंगे तो आने वाले पांच साल में भी आपके जीवन में कोई बदलाव नहीं आएगा। कोई प्रगति नहीं होगी। आप जहां हैं, वहीं रहेंगे।

# मोदी बोले- INDI गठबंधन 5 साल में पांच पीएम बनाएगा

## इनका एक ही एजेंडा- सरकार बनाओ, नोट कमाओ; इनकी सोच में तुष्टिकरण





**नई दिल्ली,एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार 27 अप्रैल को महाराष्ट्र के कोल्हापुर और गोवा के वास्को में सभाएं कीं। पहले कोल्हापुर गए। यहां एक बार फिर कहा- कांग्रेस की सरकार आई तो वो महिलाओं के सोने-चांदी की जांच करवाएगी और इसे अल्पसंख्यकों में बांट देगी।

पीएम ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आई तो ये ष्ट को खत्म कर देंगे। कश्मीर में धारा 370 को वापस लाएंगे। ये वो लोग हैं जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर बनने का विरोध किया।

इतना ही नहीं तमिलनाडु में इनकी करीबी पार्टी ष्ठरूद्म के नेता डेंगू और मलेरिया से तुलना कर सनातन धर्म को बदनाम कर रही है। महाराष्ट्र में इन्हें सम्मान के साथ बुलाया जाता है।

अब ये फॉर्मूला निकालने में लगे हैं कि एक साल एक पीएम। यानी, पांच साल में पांच प्रधानमंत्री। ये देश कभी सहन करने वाला नहीं है। इनका एक ही एजेंडा है- सरकार बनाओ, नोट कमाओ।

### बीजेपी और एनडीए 2.0 से आगे चल रहे हैं

पीएम बोले- कोल्हापुर, महाराष्ट्र का फुटबॉल हब है। फुटबॉल यहां के युवाओं में बहुत पॉपुलर है। इसलिए मैं फुटबॉल की भाषा में कहूं तो कल दूसरे चरण का मतदान पूरा होने के बाद बीजेपी और एनडीए 2.0 से आगे चल रहे हैं। कांग्रेस और इंडी अलायंस ने देश विरोधी और नफरत की राजनीति के दो सेल्फ गोल कर लिए हैं इसलिए ये पक्का हो गया है कि फिर एक बार मोदी सरकार।

# भोजपुरी अभिनेत्री अमृता पांडेय की संदिग्ध हालत में मौत

## बेड पर मिला शव, वॉट्सऐप पर स्टेटस लगाया-अपनी नाव डूबा के उसका सफर आसान कर दिया



**भागलपुर ,एजेन्सी।** भागलपुर में भोजपुरी अभिनेत्री अन्नपूर्णा उर्फ अमृता पांडेय की शनिवार की शाम संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। घटना की जानकारी होने पर जोगसर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है।

घटना जोगसर थाना क्षेत्र के आदमपुर जहाज घाट स्थित दिव्यधर्म अपार्टमेंट की है। पुलिस ने घटनास्थल की स्नस्रु टीम से जांच कराई है। मौके से गले में लगा साड़ी का फंदा, मोबाइल समेत अन्य सामान जब्त किया है।

**हाल ही में रिलीज हुई थी वेब सीरीज:** परिजनों का कहना है कि उसने भोजपुरी और हिंदी समेत कई फिल्मों, सीरियल, वेब सीरीज और विज्ञापन में भी काम कर चुकी है। हाल ही में अमृता की हॉरर वेब सीरीज %प्रतिशोध% का पहला भाग रिलीज हुआ है। इसको लेकर वह काफी उत्साहित थी।

**वॉट्सऐप स्टेटस पर मौत से पहले लिखा...** मौत से पहले अभिनेत्री अमृता पांडेय ने अपने वॉट्सऐप स्टेटस पर लिखा था- दो नाव पर सवार थी, उसकी जिंदगी, हमने अपनी नाव डूबा के उसका सफर आसान कर दिया।

**बेड पर पड़ा मिला शव :** इधर, जोगसर पुलिस ने बताया कि शाम को सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद अपार्टमेंट में पहुंचे। यहां अमृता का शव एक बेड पर पड़ा था। पुलिस ने जब जानकारी ली तो परिवार वालों ने बताया कि करीब 3.30 बजे उसकी बहन अमृता के कमरे में गई। वहां वह फंदे से लटकी हुई थी। आनन-फानन में उसके फंदे को चाकू से काटकर तत्काल परिवार वाले निजी अस्पताल ले गए, लेकिन वहां उसे मृत बता दिया गया। इसके बाद परिजन उसे वापस फ्लैट लेकर आ गए।

**18 अप्रैल को बहन की थी शादी :** परिजनों ने बताया कि 18 अप्रैल को अमृता की बहन वीणा की शादी थी। वहीं, शुक्रवार की रात उन लोगों ने काफी मस्ती की थी। फिर से अचानक क्या हुआ। किसी को समझ नहीं आ रहा। उन लोगों ने बताया कि अमृता की शादी 2022 में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर निवासी चंद्रमणि झांगड़ के साथ हुई थी। वो मुंबई में ऐनिमेशन इंजीनियर हैं। अब तक उन लोगों के बच्चे नहीं हैं।



# सीओ ने किया विभिन्न चेक पोस्ट व एसएसटी पॉइंट का औचक निरीक्षण, दिए जरुरी निर्देश

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान फ्लाइंग एसटेटिक टीम/उड़नदस्ता (एफएसटी) के नोडल पदाधिकारी सह एकमा अंचलाधिकारी राहुल शंकर ने प्रखंड क्षेत्र के एकमा व रसूलपुर थाना इलाकों के विभिन्न स्थानों पर संचालित चेकपोस्ट व सर्विलांस पॉइंट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीओ राहुल शंकर ने रसूलपुर थाना क्षेत्र में बलिया मोड़ चेकपोस्ट, नेशनल हाईवे 531 पर स्थित चपरैठा चेकपोस्ट, एकमा थाना क्षेत्र में स्थित एकमा चट्टी एसएसटी पॉइंट, नौतन एसएसटी पॉइंट सहित एकमा स्थित सभी चेकपोस्ट व सर्विलांस पॉइंट का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि शांति एवं भयमुक्त वातावरण में लोकसभा चुनाव क्षेत्र में संपन्न कराया जाएगा। वहीं इसमें किसी तरह की गड़बड़ी पर वैधानिक कार्रवाई होगी। उन्होंने चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस कर्मियों को सभी वाहनों की जांच करने व वाहन जांच पंजी का सही ढ़ंग से संधारण करने के निर्देश भी दिए।इस दौरान उन्होंने प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल के वाहन जांच पंजी की जांच की। साथ ही उन्हें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि छोटे-बड़े सभी वाहनों की सघन जांच करें। अगर कोई आपत्ति जनक सामग्री व राशि पाई जाती है, तो जब्ती की कार्रवाई करते हुए अविलंब कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त करें।उल्लेखनीय है कि लोकसभा आम चुनाव 2024 हेतु नामांकन शुरू हो गया है। वहीं मतदान की तिथि नजदीक आने के साथ ही विभिन्न चौक-चौराहों के चेकपोस्ट पर तैनात मजिस्ट्रेट व पुलिस बल द्वारा छोटे-बड़े वाहनों की जांच तेज कर दी गई है।



# भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रुडी का परसा और दरियापुर प्रखंड के गांवो में हुआ भव्य स्वागत



**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रुडी ने रविवार को परसा और दरियापुर प्रखंड के विभिन्न गाँवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य में नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग जिस तरह काम कर रही है उससे प्रभावित होकर पूरे प्रदेश के जन मानस ने तीसरी बार 40 सीटे भाजपा की झोली में डालने का का मन बनाया है। इस दौरान कई स्थानों पर स्थानीय जनता द्वारा रुडी का फूल-माला के साथ भाजपा का गमछा देकर स्वागत किया गया। आम जनता के स्वागत से अभिभूत रुडी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि लगातार 10 वर्षों की सेवा का प्रतिफल है कि यहाँ आमजन ने हर कदम पर अपने आशीर्वाद से मुझे अभिभूत कर दिया। ईश्वर की कृपा के साथ लगातार तीसरी बार जनता का आशीर्वाद लेने क्षेत्र में आया हूँ। इस बार फिर से पूरे देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनाने का संकल्प लिया है, जिसे वह 4 जून को पूरा करके दिखलाएगी।

श्री रुडी ने कहा कि प्रधानमंत्री देशवासियों के लिए लोकोपयोगी योजनाओं की गारंटी दे रहे हैं उसी तरीके से प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में भी निवर्तमान सांसद या प्रत्याशी को अपनी गारंटी सुनिश्चित करनी चाहिए। यही कारण है कि जीस प्रकार देश भर में मोदी की गारंटी है उसी प्रकार सारण में रूडी की गारंटी है। निवर्तमान सांसद व भाजपा प्रत्याशी रुडी ने दरियापुर और परसा प्रखंड अंतर्गत कोचवारा, अकिलपुर, बजहियां, रामपुर, पियरामठ, ढ़ोंगहा, कोयला, हरपुर, दरियापुर, बनेयां, यादोपुर, धर्मचक, हरना, बिसाहीं, मस्तीचक, पोझी, खजौली, परसा में जनसंपर्क में भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। भाजपा प्रत्याशी रुडी के रोड शो सह जनसंपर्क अभियान में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ महिलाओं और स्थानीय नागरिकों की भागीदारी रही। जनसंपर्क में रुडी के साथ सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## फुसनुमा घर में अचानक से आग लगी, सामान जलकर खाक

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** प्रखंड के भलुही में शुक्रवार की देर रात एक फुसनुमा घर में अचानक से आग लग गई जब सभी सदस्य गहरी निंद में सो रहे थे। आभास होने पर सभी जैसे तैसे बाहर निकलने में कामयाब हो गए लेकिन घर पुरी तरह से जल गया। आगलगी में घर में रखा आनाज, गहना, कपड़ा, नगदी सहित लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गयी। घटना की जानकारी के बाद स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि ने पीड़ित परिवार को जरूरी सहायता उलब्ध कराया।? घटना के संबंध में बताया गया है कि रमन राय के घर में विधुत सार्ट सर्किट के कारण से आग लगी। हालांकि इस दौरान घर में सोये लोग समय से बाहर निकलने सफल हो इससे एक दुखद घटना घटित होने से बच गयी। बाद में स्थानिय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया लेकिन तबतक सभी समान पुरी तरह जल गये थे। पीड़ित रमन राय की पत्नी निरमा देवी ने बताया कि अचानक आगलगी में कपड़ा, अनाज, सात हजार रुपये नकद व सोना चांदी का गहना, आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य जरूरी काजगात जलकर राख हो? गया।

# महाराजगंज सीट जहां केवल भूमिहार-राजपूत का चलता है सिक्का

### इसी धरती पर चंद्रशेखर ने सिखाया चैलेंज का मतलब

**देवेन्द्र कुमार सिंह।**

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** बिहार में महाराजगंज लोकसभा सीट ऐसी है, जहां आजादी के बाद से अब तक सवर्ण जाति के उम्मीदवारों का ही दबदबा रहा है।सिवान और सारण के बीच महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र है। कुल 6 विधानसभा में सारण जिले के चार और सिवान के दो विधानसभा क्षेत्र को लेकर इसे बनाया गया है। इसमें सारण जिले का तरैया, बनियापुर, एकमा और मांझी विधानसभा है। जबकि सिवान जिले का गोरेयाकोठी और महाराजगंज विधानसभा इसमें शामिल है।देश में चुनाव के भले ही अलग-अलग मुद्दे हो लेकिन बिहार में चुनाव जीतने के लिए सबसे बड़ा फैक्टर है जातिगत समीकरण। यही वजह है कि पार्टियां भी टिकट बांटने में उम्मीदवारों की जातिगत पक्ष का विशेष ध्यान रखती है। बिहार का एक ऐसा ही लोकसभा सीट है महाराजगंज जहां से पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर 1989 में यहां से सांसद रह चुके हैं। जिसके बाद इस सीट की चर्चा पूरे देश में रही।

### राजपूत और भूमिहार जाति का लगातार रहा है प्रतिनिधित्व

आजादी के बाद से अब तक यहां से सिर्फ सवर्ण उम्मीदवार ही जीतते आए हैं। इसमें सबसे अधिक 13 बार राजपूत सांसद रहे हैं। जबकि चार बार भूमिहार और एक बार कायस्थ मृत्युंजय प्रसाद ने भी संसद में महाराजगंज का प्रतिनिधित्व किया है। 1957 में महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र अस्तित्व में आने के बाद महेंद्र नाथ सिंह यहां के पहले सांसद बने। वहीं 1962 के लोकसभा चुनाव में कृष्णकांत सिंह ने जीत दर्ज की। वे गोरेयाकोठी के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी नारायण बाबू के पुत्र थे। इसके बाद 1967 के लोकसभा चुनाव में देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद के पुत्र मृत्युंजय प्रसाद यहां से सांसद चुने गए। 1971 के लोकसभा चुनाव में रामदेव सिंह संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी और 1977 में जनता दल टिकट पर जीत हासिल कर लगातार दो बार सांसद रहे। क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता इस कदर थी कि लोग उन्हें काका कह कर संबोधित करते थे। 1980 और 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के कृष्ण प्रताप सिंह उर्फ नन्हे जी ने जीत दर्ज किया। जबकि 1989 के चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर अपनी परंपरागत सीट बलिया के साथ बिहार के महाराजगंज लोकसभा से भी चुनाव लड़े थे।

### 1989 में महाराजगंज से चुनाव जीत कर पीएम बने चंद्रशेखर

80 के दशक में चंद्रशेखर देश की राजनीति में युवा तुर्क के नाम से प्रसिद्ध थे तब वे यूपी के बलिया से लोकसभा का चुनाव जीतते थे। लेकिन 1989 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने बलिया के साथ बिहार के महाराजगंज से भी चुनाव लड़ा था। उनके इस फैसले के बाद महाराजगंज हॉट सीट बन गया था। इस चुनाव में दोनों ही सीटों से चंद्रशेखर बड़े अंतर से चुनाव जीते थे। महाराजगंज में चंद्रशेखर को 3,82,488 वोट मिले थे जबकि उनके मुकाबले में कांग्रेस के उम्मीदवार रहे कृष्ण प्रताप सिंह को 1,65,170 वोट मिले थे। इसी चुनाव के बाद चंद्रशेखर देश के प्रधानमंत्री बने थे।

### बिहार से चुनाव जीतने की चुनौती पर महाराजगंज आए थे चंद्रशेखर :-

दरअसल, बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिन्हा ने एक बयान में कहा था कि चंद्रशेखर अगर इतने बड़े नेता हैं तो बिहार से चुनाव लड़ कर देख लें। जानकारों की मानें तो चंद्रशेखर ने इसे चुनौती के रूप में लेकर महाराजगंज से चुनाव लड़ने का फैसला लिया था। महाराजगंज क्षेत्र चंद्रशेखर के लिए हर लिहाज से अनुकूल था। हालांकि बाद में चंद्रशेखर ने महाराजगंज सीट को छोड़ दिया। जिससे फिर से उपचुनाव हुआ। इसमें एकमा के हरपुर गांव निवासी रामबहादुर सिंह जीते। दरअसल चंद्रशेखर के यहां आने से पहले रामबहादुर सिंह की चुनाव लड़ने की पुरी तैयारी थी। लेकिन ऐन मौके पर उन्होंने चंद्रशेखर के लिए न सिर्फ जनता दल से अपनी दावेदारी छोड़ी बल्कि उनके विजय के सारथी भी रहे। जिसका मेहनताना उन्हें उपचुनाव में मिला और चन्द्रशेखर मंत्रिमंडल में केन्द्रीय मंत्री बनाए गए।

### लालू राज में महाराजगंज को मिली पहली महिला सांसद

1991 में हुए लोकसभा चुनाव में महाराजगंज से जनता दल से ही गिरिजा देवी ने जीत हासिल कर महाराजगंज की पहली महिला सांसद बनी थी। गिरिजा देवी बिहार सरकार में मंत्री और लालू यादव के बेहद करीबी रहे बैद्यनाथ पांडेय की पत्नी थीं। उसके बाद 1998, 1999 और 2004 में जनता दल यूनाइटेड और 2013 के उपचुनाव में राजद से बाहुबली प्रभुनाथ सिंह सांसद रहे। जबकि 2009 में राजद से उमाशंकर सिंह यहां से चुनाव जीते थे। लेकिन सांसद रहते हीं उनका निधन हो गया था उसके बाद 2013 में हुए उपचुनाव में राजद के प्रभुनाथ सिंह ने जदयू के पी के शाही को शिकस्त दी थी। 2014 में देश में मोदी लहर चली और तभी से जनार्दन सिंह सिग्रीवाल यहां से भाजपा के सांसद हैं। इस बार भी पार्टी ने उन पर हीं भरोसा जताया है और वे हैट्रिक लगाने को लेकर दिन रात जनता से रूबरू हो रहे हैं। वहीं इंडिया गठबंधन से यह सीट कांग्रेस के खाते में गया है जिसमें बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अखिलेश सिंह के पुत्र आकाश सिंह यहां से कांग्रेस प्रत्याशि बनाए गए हैं जो भूमिहार जाति से आते हैं अब देखना है इस बार जनता किसे महाराजगंज का महाराज बनाती है।

# पशु चिकित्सक के पुत्र अनुराग पराशर ने जेईई मेंस परीक्षा में 99.238 स्कोर लाकर लहराया सफलता का परचम

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** जेई मेन परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। इसमें छपरा शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने अपने कठिन परिश्रम के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता का परचम लहराया है। इसी क्रम में सारण जिले के एकमा प्रखंड के परसागढ़ हरिहरपुर गांव निवासी पशु चिकित्सक अरविन्द कुमार राय और रानी देवी के पुत्र अनुराग पराशर ने जेई मेन परीक्षा में 99.238 स्कोर हासिल कर सफलता का परचम लहाराया है। अनुराग की इस सफलता पर घर-परिवार में खुशी का माहौल है।



अनुराग ने पांचवी तक की पढ़ाई छपरा शहर के दून सेंट्रल स्कूल से की है।

उसके आगे की पढ़ाई हरियाणा के गुरूकुल करूक्षेत्र से की है। अब अनुराग ने जेई मेन की परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने गांव सहित क्षेत्र का मान-सम्मान बढ़ाया है। उसने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरूजनों को दिया है।अनुराग पाराशर की इस सफलता पर राष्ट्रीय एथलीट विकास सिंह राठौर, तनुजा सिंह, जन सुराज अभियान समिति के एकमा प्रखंड अध्यक्ष व पूर्व मुखिया ओमप्रकाश सिंह, फौजी अरविंद सिंह मुन्ना, जन सुराज के वरिष्ठ नेता ललित तिवारी, ब्रजेंद्र कुमार सिंह उर्फ मुन्ना भवानी, आलोक कुमार सिंह उर्फ काली, रतन सिंह, डॉ अमित तिवारी, शिक्षक नेता मनजीत कुमार तिवारी, शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह, अरविंद कुमार, सुमन प्रसाद कुशवाहा, अमरेंद्र कुमार सिंह, उपेंद्र कुमार यादव, राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ शशि भूषण शाही, शिक्षक कमल कुमार सिंह, संजय भारती, प्रधानाध्यापक कुमार रश्मि रंजन, दीपक कुमार राम, अरुण कुमार सिंह, उपेंद्र सिंह, शंकर नाथ आदि ने हार्दिक बधाई देते हुए श्री पाराशर के उज्वल भविष्य की कामना की है।

## कांग्रेस प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह का एकमा में हुआ अभिनंदन

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान महाराजगंज संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह का नागरिक अभिनन्दन नगर पंचायत एकमा बाजार स्थित शिवपुरी मुहल्ला में क्षेत्र की जनता के द्वारा बैंड-बाजे के साथ उत्साह पूर्वक वातावरण में फूलमाला पहनकर किया गया। इस अवसर पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सुग्रीम सिंह, प्रखंड राजद अध्यक्ष वकील यादव, कांग्रेस नेता महेश्वर दूबे, एनपी सिंह कुन्दन, संदीप रौशन, माकपा नेता अरूण कुमार, राजद नेता अवधेश यादव, भिखारी यादव, अहमद अली, राजू सिंह, राजकुमार बैठा, सुनील सिंह के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

Bishwajeet Kumar
Lab Technician

Dr. Lal Path Labs Franchise

Dr. Lal Path Labs
डॉ लाल पैथलैब्स

जाँच घर
घर बैठे जाँच कराने की सुविधा
समय: 07:00 AM to 6:00 PM तक
मो0- 7463040670, 7494040670
पता- छपरा मढ़ौड़ा रोड (नियर-सेन्ट मैरी स्कूल)

## एसडीपीओ ने किया अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**दारौंदा (सिवान)** =एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन व बीडीओ सूर्य प्रताप सिंह सेंगर ने शनिवार को प्रखंड के विभिन्न अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। पदाधिकारियों ने प्रखंड के राजकीय प्राथमिक कोड़ारी खुर्द मतदान केंद्र संख्या 283 एवं 284, प्राथमिक विद्यालय मुड़ा मतदान केंद्र संख्या 278, 279, कमसड़ा मतदान केंद्र संख्या 286, मतदान केंद्र संख्या 280 एवं जलालपुर कचहरी में चार मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। साथ ही अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र के आस-पास के मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया।

## अज्ञात वाहन के ठोकर लगने से एक बाइक चालक की हुई मौत

**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण)**।अज्ञात वाहन के ठोकर लगने से एक बाइक चालक की हुई मौत होने की घटना प्रकाश में आया है. घटना शुक्रवार की बीते रात्री की बताई जाती है. मृतक अमनौर हरनारायण पंचायत स्थित नोनिया टोली डीह गांव के झखर महतो के 52 वर्षीय पुत्र गौतम महतो बताया जाता है. मृतक भूसा के कारोबारी था.घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया की शुक्रवार की सुबह थाना क्षेत्र के परशुरामपुर दियारा में भूसा खरीदने गए हुए थे.देर रात तक घर नही आये. वहीं बगल के गांव झारकटानी में उनका ससुराल होने के वजह से हमलोग समझे की रात में वही रुक गए है. तभी अहले सुबह फोन आया कि आपके घर कोई सदस्य धोबाही केवाड़ा में गिरे परे है. आनन फानन में लोग वहां पंहुचा देखा कि केवड़ा के अंदर बाइक लिए गिरे पड़े है.स्थानीय लोगो के सहयोग से उन्हें केवाड़ा से निकाला गया तो नब्ज काम कर रहा था.उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया.जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपच्चार के बाद पटना रेफर कर दिया. पटना ले जाने के क्रम मे उसकी मौत हो गई. मृतक छह भाई में सबसे बड़ा था. इनका दो पुत्र तथा तीन पुत्री है. घटना के बाद मृतक के परिजनों में हहाकार मच गयी. मृतक की पत्नी लीला देवी भाई तेरस महतो सहित अन्य परिजनों का का रो रोकर बुरा हाल है.

## चोरी की दो बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**पानापुर(सारण)** गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय थाने की पुलिस ने लगुनी गांव में छापेमारी कर चोरी की दो बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया .बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली कि लगुनी गांव निवासी शंकर राय चोरी की बाइक एवं ट्रैक्टर बेचने की फिराक में है .सूचना के बाद पानापुर थाने के एएसआई संजय कुमार भारती एवं उपेंद्र प्रसाद यादव के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी की .पुलिसिया कार्रवाई की भनक लगते ही भाग रहे शंकर राय को पुलिस ने धर दबोचा .पुलिस ने घर की तलाशी ली तो चोरी की दो बाइक बरामद हुई .पूछताछ में शंकर राय ने बताया कि दूसरा बाइक टोटहा गांव निवासी राकेश राय का है .थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया कि गिरफ्तार बाइक चोर शंकर राय को जेल भेज दिया गया वही राकेश राय की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है .

## लोकसभा चुनाव को लेकर 550 लोगों पर धारा-107 की हुई कारवाई

**तरैया (सारण)**। लोकसभा निर्वाचन की बिगुल बजते ही चौक-चौराहों और हाट-बाजारों में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। तरैया में इस बार दो हजार नए युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है। जिनकी उम्र 18 वर्ष है। वे युवा इस वर्ष पहली बार मतदान करेंगे। तरैया में कुल 109251 मतदाता है। जिसके लिए 111 मतदान केंद्र बनाए गए है। जिसमें 23 संवेदनशील मतदान केंद्र है। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ कृष्ण कुमार सिंह ने बताया की इस बार मतदाता सूची में 3600 नए मतदाता का नाम जोड़े गए है। जिसमें 2000 वैसे युवा है जिनकी उम्र 18 वर्ष है। निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर क्षेत्र के 550 लोगों पर स्थानीय थाने में धारा-107 की कारवाई की गई है। तथा 24 असामाजिक तत्वों पर सीसीए की कार्रवाई की गई है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि अब तक पांच सौ लोगों ने धारा-107 में जमानत ले चुके है। तथा जिन पर सीसीए की कार्रवाई की गई है उनकी हाजिरी प्रतिदिन थाने में ली जा रही है।अन्य असामाजिक तत्वों की भी पहचान की जा रही हैं उन पर भी कार्रवाई की जा रही है।

## किशोरी की नाक काटकर ले जाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

### वैशाली में बात करने से रोकने पर वारदात को दिया था अंजाम,पीड़िता की स्थिति सामान्य

**हाजीपुर (वैशाली),एजेन्सी**। वैशाली के महुआ में नाबालिग लड़की की नाक काटने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार आरोपी में महुआ थाना क्षेत्र के हसनपुर ओस्ती निवासी मो. हुसैन के बेटे मो. अनवर (22) और मो. हुसैन के बेटे मो. मरहूम मैहरूद्दीन (23) शामिल हैं।



25 अप्रैल को महुआ थाना क्षेत्र के हसनपुर ओस्ती गांव निवासी मो. बब्लू की नाबालिग बेटी (15) की नाक चार युवकों ने काट दिया था। इतना ही नहीं, मनचले युवक कटे हुए नाक को अपने साथ लेकर भी चले गए थे।

घटना के बाद नाबालिग को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने पीएमसीएच रेफर कर दिया था। फिलहाल, पीड़िता पीएमसीएच से अपने घर लौट आई है, उसकी स्थिति समान्य है।

**बात नहीं करने पर अंजाम भुगतने की दी थी धमकी** :पीड़िता ने बताया कि आरोपी मो. अनवर और मो. हुसैन उससे बात करना चाह रहा इसका नाबालिग विरोध कर रही थी। बता दें कि घटना से एक दिन पहले मस्जिद के पीछे बगीचे में लड़की की तस्वीर लेने को लेकर विवाद भी हुआ था।

इस दौरान दोनों ने लड़की को अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। इसके बाद उसी रात दोनों युवक अपने साथियों के साथ नाबालिग के घर पहुंचे और उसकी नाक काटकर अपने साथ लेकर चले गए थे। घटना के वक्त पीड़िता अपनी तीन बहन और दादा के साथ घर के बरामदे में सो रही थी। परिजनों ने महुआ थाने में घटना की सूचना दी थी। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई थी।

**बदला लेने की दी थी धमकी** :दोनों युवकों की ओर से बार-बार दोनों बहनों से छेड़छाड़ किया जा रहा था, जिसको लेकर दोनों बहनें विरोध कर रही थी। पीड़िता की बहन ने बताया कि कुछ दिन पहले दोनों आरोपियों ने साइकिल से उसे ओवरटेक किया, फिर हाथ पकड़ लिया था। अपना हाथ छुड़ा कर घर जाने लगी तो दोनों ने फिर ओवरटेक कर मुझे आगे से रोक लिया और बोला- तुम भाव खा रही हो, तुम दोनों बहन से बदला लेंगे।

# एमएलसी इंजीनियर सच्चिदानंद राय ने लोक सभा चुनाव लड़ने से लिया यू-टर्न



**दैनिक खोज खबर/ बनियापुर (सारण)**। महाराजगंज से लोकसभा के तार ठोकने वाले सारण के निर्दलीय एमएलसी इंजीनियर सच्चिदानंद राय ने शनिवार को कार्यकर्ताओं से सलाह मशायरा के बाद लोकसभा चुनाव लड़ने के अपने घोषणा से यू टर्न ले लिया है। बनियापुर के बड़ा लंबा स्थित संत जलेश्वर एकेडमी परिसर में कार्यकर्ताओं के बैठक में कार्यकर्ताओं ने महाराजगंज लोकसभा चुनाव में भाजपा के सांसद को निकम्मा बताया। वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी को साइबेरिया करार देते हुए इंजीनियर सच्चिदानंद राय को चुनाव लड़ने के सलाह दी तो कुछ ने निर्दलीय चुनाव लड़ने से इंजीनियर सच्चिदानंद राय को सलाह दी। घंटे चले मशक्कत के बाद इंजीनियर सच्चिदानंद राय ने बताया कि महागठबंधन उन्हें पार्टी में शामिल होने पर टिकट का ऑफर दिया था। परंतु हम अपने चार साल के कार्यकाल को छोड़कर अपने पंचायत प्रतिनिधियों के जिम्मेवारी से भाग कर सांसद बनाना नहीं चाहता। हमारे पुत्र व्यवसाय छोड़कर राजनीति में आने को तैयार नहीं है, करण कि वह अपने जिम्मेवारी का निर्वहन नहीं कर पाएंगे। ऐसे में हमने महागठबंधन और भाजपा को प्रत्याशी बदलने की सलाह दी थी और अपने पत्नी का नाम आगे बढ़ाया था, परंतु सारण का दुर्भाग्य है कि सारण जिले के दो सीटों में सुप्रीमो के बेटे और बेटियां ही एनडीए प्रत्याशी के विरोध में खड़े हैं जो कि स्थानीय भी नहीं है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सलाह मशवरा के बाद या निष्कर्ष निकला है कि निर्दलीय चुनाव लड़ने से हम लड़ाई तो दे सकते हैं परंतु जीत के प्रति अस्वस्थ नहीं है और इंजीनियर सच्चिदानंद राय जीतने के लिए चुनाव लड़ते हैं। ऐसे में कांग्रेस और महागठबंधन को अगर यह सीट जितनी है तो उन्हें प्रत्याशी बदलना पड़ेगा।अन्यथा ऐसे में लोकसभा चुनाव लड़ना उचित नहीं है।

## भेल्दी में चौकीदार की करंट लगने से हुई मौत,मचा कोहराम

**दैनिक खोज खबर/ भेल्दी(सारण)**। भेल्दी थाने के एक युवा चौकीदार की दर्दनाक मौत बिजली की करंट लगने से हो गई।मृत चौकीदार मजिटर राय (35) भेल्दी थाने के तरवार गांव के जयराम राय का पुत्र बताया जाता है।

मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के तरवार गांव के चौकीदार मजिटर राय के घर पर शुक्रवार को भतीजी की बारात आने वाली थी।शुक्रवार की शाम काम करने के दौरान उसे घर में करंट लग गई जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई।घटना की सूचना मिलते ही भेल्दी थाने की पुलिस के साथ-साथ इलाके के सैकड़ों लोग जुट गए।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया।हालांकि चौकीदार की मौत पर लोग तरह-तरह की चर्चाएं भी कर रहे हैं।चौकीदार मजिटर राय की मौत के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई।पत्नी रीना देवी अपने पति का शव देखते ही मूर्छित होकर गिर पड़ी।वह जब भी होश में आती अपने पति के शव से लिपटकर रोने लगती।पुत्र चंदन,रोहित पुत्री रानी,शिवानी,स्वीटी का रो-रोकर बुरा हाल था।चौकीदार की मौत से गांव वाले भी गम में डूबे हुए हैं।मृत चौकीदार मजिटर राय के बड़े भाई पुलिस राय के पुत्री की शादी शुक्रवार को थी।बारात आने के पूर्व चौकीदार की मौत हो गई।शादी का माहौल पूरी तरह गम में बदल गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया।बताते चलें कि मृत चौकीदार मजिटर राय के पिता जयराम राय सालों पहले भेल्दी थाने के चौकीदार थे।वे सालों पहले वोलेटियर रिटायर्मेंट लेने के बाद उनके पुत्र मजिटर राय चौकीदारी की नौकरी ज्वाइन किए।

परिजनों से जानकारी मिली कि करंट लगने से चौकीदार की मौत घर पर हो गई है।शव का पोस्टमार्टम छपरा सदर अस्पताल में कराया गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कारणों का पता चल पाएगा।-अशोक कुमार,थानाध्यक्ष,भेल्दी,सारण

## इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह का तरैया में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**दैनिक खोज खबर/ तरैया(सारण)**। पटना से तरैया होते हुए महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण करने जाने के क्रम में शुक्रवार को तरैया-मसरख मोड़ पर इंडिया गठबंधन से महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इंडिया गठबंधन के नेता व कार्यकर्ताओं के द्वारा फुल-माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर देकर उनका स्वागत किया गया। स्वागत करते समय इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं में काफी जोश और उत्साह देखा गया। इस क्रम में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी मेनिफेस्टो को पढ़िए इस मेनिफेस्टो में सभी लोगों के हित को देखते हुए इसे तैयार किया गया है। इससे महिलाओं से लेकर बेरोजगार युवाओं के साथ-साथ आम जनता को काफी सुविधा प्रदान करने का भरोसा दिया गया है।जब केन्द्र में राहुल गांधी जी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगा तो सभी सुविधा को लागू किया जाएगा। उन्होंने ने यह भी कहा कि महाराजगंज लोकसभा सीट ही नहीं बल्कि बिहार प्रदेश के सभी लोकसभा सीट इंडिया गठबंधन जितेगा। मौके पर तरैया के पूर्व विधायक मुंद्रिका प्रसाद यादव, राजद अध्यक्ष तारकेश्वर राय, तरैया प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह विक्कू, इसुआपुर प्रमुख मितेन्द्र राय, मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश यादव, वीर बहादुर राय, अजय राय, बीडीसी प्रतिनिधि मुन्ना यादव, विजय यादव, अखिलेश कुमार यादव, रवि कुमार राय, नीरज कुमार सिंह, समेत इंडिया गठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गृष्मावकाश में स्पेशल क्लासेस-अइनी, खइनी आ गईनी तक सीमित

- गृष्मावकाश की घोषणा से बच्चे स्कूल आने में नहीं ले रहे रुची
- आठ-दस छात्रों के लिए 15 से 35 तक शिक्षक

**देवेन्द्र कुमार सिंह।**

**दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर(एकमा)**। 15 अप्रैल से सरकारी स्कूलों में गृष्मावकाश में विशेष क्लासेस शिक्षकों के लिए केवल %अइनी खइनी और गइनी% तक ही सीमित रह गया है।विशेष कक्षा जिन छात्रों के लिए निर्देशित हैं वे लगभग नदारद हैं।जो आठ दस छात्र आ रहे हैं उनमें तेज तर्रार विद्यार्थी हीं आ रहे हैं,जबकि स्कूलों में कहीं-कहीं शिक्षकों की संख्या 15 से 35 तक हो गई है।किसी शिक्षक को क्लास मिलता है तो किसी को नहीं मिलता।आखिर दो घंटे में कौन कौन शिक्षक पढ़ायेंगे ? यह सवाल उठ खड़ा हो जा रहा है।शिक्षक 8 बजे स्कूल आते हैं और 10 बजे तक ,जो नाश्ता लेकर आते हैं उसे खाते हैं और फिर चले जाते हैं।ऐसे में स्कूलों में शिक्षकों के बीच अइनी खइनी आ गइनी भोजपुरी व्यंग्य प्रचलित हो गया है।शिक्षकों का कहना है कि सरकार को गृष्मावकाश की छुट्टी घोषित ही नहीं करनी चाहिए।इससे अच्छा होता कि मार्निंग क्लास चलाया जाता।क्यों कि गृष्मावकाश घोषित होने के कारण बच्चे स्कूल आने में रूचि नहीं दिखा रहे।रसूलपुर क्षेत्र के शिक्षकों की भरपुर संख्या वाले माधोपुर उत्क्रमित हाईस्कूल (21), योगियां हाईस्कूल में (23) अतरसन हाईस्कूल (36 शिक्षक),नवादा हाईस्कूल( 30) के शिक्षकों का कहना हैं कि विशेष क्लासेस करने वालों में तेज तर्रार बच्चे ज्यादा आ रहे हैं ऐसे में विशेष कक्षा बेमानी साबित हो रहा है।अच्छा होता गृष्मावकाश की घोषणा नहीं होती।

## लोकसभा चुनाव और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**दैनिक खोज खबर /परसा(सारण )**। लोकसभा चुनाव एवं अपराध नियंत्रण को लेकर परसा पुलिस ने रेवाघाट- हाजीपुर बांध मार्ग पर छपरा-वैशाली बॉर्डर होने के कारण वाहन जांच अभियान चलाया गया।इसमें रास्ते से गुजरने वाले सभी दो पहिया और चार पहिया वाहनों की डिक्की एवं बैग की गहनता से जांच की गई।बिना हेलमेट के चलने वाले दर्जनों वाहन चालकों को भी फटकार लगाया गया।एसएसटी मजिस्ट्रेट गौतम कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को सकुशल पूर्वक संपन्न कराने हेतु यह विशेष अभियान चल रहा है।वही थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर लोकसभा चुनाव एवं अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन चेकिंग की जा रही है ताकि कहीं से किसी प्रकार की अवैध हथियार व अवैध सामग्री इस जिला से उस जिला में नहीं जा सके।साथ ही प्रत्येक दिन रेवाघाट-हाजीपुर बांध स्थित बनकेरवा मुख्यमार्ग पर बाहर से आने वाले छोटी-बड़ी वाहनों की जांच की जाती है। बनकेरवा स्थित बांध पर वाहन जांच का मुख्य उद्देश्य है कि लोकसभा चुनाव के दौरान कहीं पर किसी प्रकार की अवैध हथियार अवैध सामान शराब पार नहीं होने देना है।

## राजेश पांडेय बनाए गए जे पी यू के मीडिया प्रभारी

**दैनिक खोज खबर/छपरा**। शनिवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी के रूप में राजेश पांडेय की नियुक्ति की गई है इस आशय का पत्र जारी करते हुए जे पी यू के कुल सचिव डॉक्टर रंजीत कुमार ने सूचित किया है कि राजेश कुमार पाण्डेय, महाविद्यालय निरीक्षक (कला एवं वाणिज्य) कोषांग को अपने कोषांग के वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ जय प्रकाश विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत किया जाता है। वे जनसंपर्क से संबंधित कार्यों को भी निष्पादित करेंगे। आवश्यकतानुसार प्रेस विज्ञप्ति जारी करेंगे और प्रेस ब्रीफिंग करेंगे।विश्वविद्यालय स्नाताकोत्तर विभागाध्यक्ष, सभी प्राचार्य, विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारीगण एवं कार्यालय प्रभारी अपनी बैठकों/कार्यक्रमों की सूचना/प्रेस विज्ञप्ति राजेश कुमार पाण्डेय के मो.नं.-9709538660 पर वाहट्सएप के माध्यम से ससमय उपलब्ध कराएंगे।उक्त आशय का पत्र जे पी यू के कुलपति प्रो परमेंद्र कुमार बाजपेई के आदेशानुसार कुल सचिव ने निर्गत किया है। श्री पांडेय के मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों के साथ साथ मीडिया से जुड़े उनके साथियों ने हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।

## ट्रैक्टर की ठोकर लगने से पांचवीं वर्ग की छात्रा की मौत

**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण)**।स्थानीय थाना क्षेत्र के अमनौर सुल्तान जान गांव के पास एक ट्रैक्टर की ठोकर लगने से पांचवीं वर्ग की छात्रा की मौत हो गई .घटना के बाद मृतक के परिजनों में चीख पुकार मच गयी. घटना के संबंध में बताया जाता है कि अमनौर जान गांव निवासी गोपाल राय की सात वर्षीय पुत्री चांदनी कुमारी प्राथमिक विद्यालय, अमनौर जान की पांचवी वर्ग की छात्रा थी जो अपने घर से स्कूल जा रही थी तभी तेज गति से आ रही ट्रैक्टर के चपेट में आ गई. जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई. घटना की सूचना मिलते ही उसके परिजनों तथा आसपास के लोगों ने आनन-फानन में उपचार के लिए स्थानीय सीएससी में भर्ती कराया जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छपरा रेफर कर दिया. जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. इधर घटना के बाद ट्रैक्टर चालक गाड़ी छोड़ फरार हो गया. घटना की सूचना के बाद अमनौर पुलिस मौके पर पहुंच घटना का जायजा लिया वहीं ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया. इधर बच्ची मौत की सूचना पर मृतक के दादा जगत राय पिता गोपाल राय माता कुंती देवी सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है. वही गांव के लोग भी शोकाकुल है.

## कांग्रेस प्रत्याशी आकाश सिंह का मशरक में हुआ भव्य स्वागत

**दैनिक खोज खबर/ मशरक (सारण)**। मशरक के महाराणा प्रताप चौंक पर शनिवार को इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी आकाश सिंह का भव्य स्वागत किया गया। वे पटना से महाराजगंज लोकसभा में रोड शो के लिए पहुंचे थें जिनका स्वागत मशरक के महाराणा प्रताप चौंक कांग्रेस नेता रविंद्र सिंह, शैलेश सिंह, विरेंद्र राय समेत सैकड़ों की संख्या में उपस्थित इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। वहीं मौके पर बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह और मांझी विधायक सत्येंद्र यादव भी मौजूद रहें। मौके पर कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।



## जीविका दीदियों ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

**हुसैनगंज(सिवान)** – जिले में आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हेतु स्वीप कोषांग के तहत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के निर्देशानुसार प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक अमित कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में जीविका सदस्यों द्वारा रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूकता किया गया। इसमें सभी जीविका सदस्यों ने ÷सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो÷ सत्य और ईमान से सरकार बने हमारे मतदान से÷ आओ मिलकर अलख जगाए सब मिलकर वोट करवाएं÷ इत्यादि नारा बुलन्द कर 25 मई को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने का काम किया ।इस अवसर पर मिथिलेश कुमार प्रसाद,पानपती देवी,सरस्वती देवी,सुभावती देवी, किरण देवी, सीता देवी,आशा देवी, जीविका मित्र मीना कुमारी, लालसा देवी सहित 40 सदस्य उपस्थित उपस्थित रही।

## कैंडल मार्च निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया

**दारौंदा (सिवान)** – लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए शुक्रवार की शाम बीपीएम अमित प्रीतम के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च के दौरान जीविका दीदियों एवं पंचायत स्तर के कर्मी द्वारा निकाला गया। इस दौरान जीविका दीदियों ने पहले मतदान-फिर जलापान, वोट करें-देश गढ़े आदि नारा लगाया गया। कैंडल मार्च दारौंदा प्रखंड मुख्यालय होते हुए विभिन्न क्षेत्रों से शुरू एन एच तक पहुंचे। इस दौरान आमजन को लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने और शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। इस दौरान काफी संख्या में जीविका दीदियों एवं पंचायत स्तर के कर्मी शामिल हुए।

बीडीओ सूर्य प्रताप सिंह सेंगर ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी लोगों की भागीदारी आवश्यक है। लोकतंत्र में जितनी अधिक भागीदारी होगी, देश उतना मजबूत होगा। सीओ पूनम दीक्षित ने लोगो से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि वोट देकर सही लोगों को चुनें

## कलश यात्रा के साथ रुद्र महायज्ञ शुरू

**गुठनी (सिवान)** – प्रखंड के ओदीखोर गांव में रूद्र महायज्ञ को ले कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से आरंभ होकर केल्हरुआ, चिताखाल, गुठनी होते हुए ग्यासपुर पहुंची जहां गंगा पूजन के साथ सरयू नदी से जल भरकर पुन– यज्ञ स्थल पर पहुंची। आचार्य रंजीत तिवारी ने बताया कि महायज्ञ की पूर्णाहुति सात मई को होगी। इस दौरान प्रतिदिन सुबह वैदिक पूजन व शाम को हवन का कार्यक्रम चलेगा। यज्ञ के आयोजक लकड़िया बाबा ने बताया कि वृंदावन के कलाकारों द्वारा रासलीला व रामलीला का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर प्रेम सागर शर्मा, बसंत कुमार समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। अन्य लोग शामिल रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से विद्युत पोल क्षतिग्रस्त

**आंदर (सिवान)**–असांव थाना क्षेत्र के फाजिलपुर में शनिवार को एक अनियंत्रित वाहन विद्युत पोल से टकरा गया। इस दौरान विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होकर सड़क पर गिर गया। इस कारण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति तथा सड़क पर आवागमन बाधित हो गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना विद्युत विभाग को दी है। समाचार प्रेषण तक विद्युत विभाग घटनास्थल पर नहीं पहुंचा था।

## किशोर के गायब होने से स्वजन चिंतित

**सिवान** – नौतन थाना क्षेत्र के नारायणपुर निवासी नथुनी साह के पुत्र नागेंद्र साह शुक्रवार की शाम अचानक गायब हो गया। स्वजन द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। इससे स्वजन अनहोनी की आशंका जताते हुए थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की तथा किशोर की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

## छत से गिरने से महिला की मौत

**रघुनाथपुर (सिवान)** – थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर बाजार में शनिवार को सुबह में छत से गिरने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान रघुनाथपुर बाजार निवासी अजय कुमार पड़ित उर्फ मुन्ना कुमार की पत्नी किरण कुमारी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। थानाध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## मारपीट मामले में दोनों पक्ष ने कराई प्राथमिकी

**रघुनाथपुर (सिवान)** –थाना क्षेत्र के सैचानी गांव में शुक्रवार को हुई मारपीट मामले में दोनों पक्षों ने थाना में आवेदन देकर एक-दूसरे के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। थानाध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने बताया कि शेषनाथ सिंह के आवेदन पर विमलेश सिंह सहित पांच लोगों को आरोपित किया गया है, जबकि दूसरे पक्ष के लालमुनी देवी के आवेदन पर शेषनाथ सिंह छह लोगों को आरोपित किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## एक माह बाद सऊदी से युवक का शव आते ही माहौल हुआ गमगीन

**सिवान।**_बड़हरिया थाना क्षेत्र के तिलसंडी-512 में शनिवार की सुबह सऊदी अरब के जदा से नूर मोहम्मद का शव पहुंचते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। पत्नी शाहिन परवीन, मां आसमां खातून समेत अन्य स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। बताया जाता है कि तिलसंडी-512 निवासी नइमुद्दीन अंसारी के पुत्र नूर मोहम्मद अंसारी की सऊदी अरब के जदा में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। उनके स्वजन व रिश्तेदार भारतीय दूतावास से संपर्क कर शव पैतृक गांव मंगाने की मांग कर रहे थे। स्वजनों के अनुसार तीन जनवरी को सऊदी अरब के जदा शहर में एक कंपनी में वेल्डर के काम करने के लिए गया था। उसके सऊदी जाने के 10 दिनों बाद ही उसके पिता नइमुद्दीन अंसारी की मौत हो गई थी। नूर मोहम्मद को एक पुत्री तथा एक पुत्र है। सभी काफी छोटे हैं। इस मौके पर नूरशीद अहमद, इम्तियाज अंसारी, आमिर आजम, मासूम रजा आदि ने शोक संतप्त स्वजन को ढाढ़स बंधा रहे थे। शव का गांव के कब्रिस्तान में जनाजे के नमाज के साथ सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

## द्वार पूजा के दौरान पटाखे से निकली चिंगारी से लगी आग

**भगवानपुर हाट (सिवान)** –थाना क्षेत्र के मोरा खास पंचायत के मैरी सुदामा गांव में शुक्रवार को आई एक बरात में द्वार पूजा के दौरान पटाखे एवं आतिशबाजी से पड़ोसी के घर में आग लग गई। इस दौरान अफरातफरी मच गई। बाद में ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। बताया जाता है कि मैरी सुदामा निवासी जितेंद्र लाल की पुत्री की बरात आई थी। इस दौरान बरात कन्या पक्ष के दरवाजे पर पहुंच द्वार पूजा की रस्म शुरू हुई। इस दौरान पटाखे एवं आतिशबाजी होने निकली चिंगारी पड़ोसी कलीम मियां के घर पर गिरने से आग लग गई। अभी कुछ लोग समझ पाते आग विकराल रूप धारण कर दिया। शादी के बनाए गए गेट को भी आग अपनी चपेट ले लिया। शादी में आए लोगों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए पंपसेट आग पर काबू पाया। तेज हवा के कारण आग को नियंत्रण करने में काफी परेशानी हुई।

# छात्रहित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है : प्रो बाजपेई

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेन्द्र कुमार बाजपेयी ने विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा का निरीक्षण किया। कुलपति ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सत्यापन के लिए डिग्री को क्रमबद्ध तरीके से भेजा जाय। किसी भी सूरत में क्रम नहीं तोड़ा जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी डिग्री सत्यापन के लिए आए उसकी तिथिवार सूची बनाई जाय और इसके लिए एक रजिस्टर का संधारण किया जाय और उसमें प्रतिदिन अद्यतन इंट्री सुनिश्चित की जाय। इस दौरान कुलपति के साथ कुलसचिव प्रो. रणजीत कुमार भी उपस्थित थे। कुलपति ने विश्वविद्यालय आए कुछ छात्र-छात्राओं की समस्याओं की भी जानकारी ली और उनके निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कई बंद कमरों को खुलवाकर देखा और उनकी साफ-सफाई कर उन्हें उपयोग में लाने के लिए निर्देशित किया।इस दौरान कुलपति ने कहा कि स्नातक परीक्षा वर्ष 2005, मई 2006, दिसंबर 2006, 2007, 2009, 2010, 2011, 2012, 2015, 2018 तथा 2019 की डिग्रियां छपकर तैयार कर ली गई हैं। साथ ही स्नातकोत्तर वर्ष 2006, 2007, 2008, 2011, 2012, 2015, 2018 तथा 2019 की डिग्रियां भी छपकर तैयार हो गई हैं। उन्होंने कहा कि सप्ताह भर में इन सभी डिग्रियों को अंतिम रूप से तैयार कर वितरित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि डिग्री सेल के बाहर इस आशय की सूचना लिखित रूप में चस्पा कर दी गई है। उन्होंने संबन्धित वर्षो के छात्र-छात्राओं से अपील किया कि तैयार होने के बाद वे इन डिग्रियों को विश्वविद्यालय से प्राप्त कर लें। कुलपति ने जोर देकर कहा कि छात्रहित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए वे हरसंभव कदम उठाएंगे।




## विधिक जागरूकता शिविर में बच्चों को दी गई रैगिंग निषेध की जानकारी

**बसंतपुर (सिवान)** – प्रखंड मुख्यालय स्थित उच्च मध्य विद्यालय में शनिवार को विधिक सेवा प्राधिकार सिवान के तत्वावधान में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विषय ÷विद्यालय तथा महाविद्यालयों में रैगिंग निषेध तथा जल संरक्षण÷ पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सिवान के पैनल अधिवक्ता परशुराम सिंह तथा पीएलवी आशुतोष कुमार पांडेय ने प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को विद्यालय तथा महाविद्यालयों में रैगिंग निषेध परंपराओं को गैर कानूनी, अमानवीय तथा नियम के विरुद्ध बताया तथा इस परंपरा को निषेध करने पर बल दिया गया। मौके पर जल ही जीवन है विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई तथा जल के महत्व तथा संरक्षण को ले बच्चों को जागरूक किया गया। प्रतियोगिता में जल संरक्षण पर आदित्य सिंह, चांदनी कुमारी, निखिलेश यादव तथा रैगिंग पर खुशी अनवर, मधु कुमारी को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक समेत सहायक शिक्षक विकास कुमार सिंह, नंदलाल यादव, संजय कुमार गुप्ता आदि आदि उपस्थित थे।

## दो बाइक की टक्कर में युवक की मौत, सड़क जाम

**मैरवा (सिवान)** – थाना क्षेत्र के दरौली मोड़ के निकट शुक्रवार की रात दो बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के दरौली रोड मैरवा धाम निवासी सुदामा गोड़ के पुत्र रितेश कुमार गोड़ उर्फ राहुल के रूप में हुई है। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार की सुबह सड़क जाम कर दिया जिसे प्रशासन द्वारा समझा-बुझाकर जाम हटाया गया। बताया जाता है कि मैरवा धाम निवासी रितेश कुमार गोड़ उर्फ राहुल शुक्रवार की रात करीब 11 बजे एक शादी समारोह से अपनी बाइक से घर लौट रहा था। इस दौरान सामने से आ रही एक बाइक से आमने-सामने की टक्कर में वह घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्वजन घटनास्थल पर पहुंच उसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में लाए जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। शनिवार की सुबह ही मैरवा धाम चौराहे पर शव रखकर सड़क जाम कर दिया। आक्रोशित ग्रामीण प्रशासन से वाहनों की रफ्तार पर लगाम लगाने व मृतक के आश्रित को 10 लाख रुपये मुआवजे देने की मांग कर रहे थे। सड़क जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटाया तथा शव का पंचनामा पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## नरेंद्र मोदी पर सोशल मीडिया पर राजनीति टिप्पणी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**परवेज़ अख्तर/सिवान।** असांव थाना थाना की पुलिस ने कटवार गांव में छापेमारी कर एक युवक को गिरफ्तार कर शनिवार को साइबर थाना सिवान भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान कटवार निवासी पंकज यादव के रूप में हुई है। गिरफ्तार युवक द्वारा इंटरनेट मीडिया (फेसबुक) के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ गलत राजनीति टिप्पणी करने का आरोप था। इसके तहत सिवान साइबर थाना की पुलिस ने युवक के विरुद्ध प्राथमिक की थी। वहीं एसपी अमितेश कुमार के आदेश पर युवक को गिरफ्तार कर साइबर थाना सिवान भेज दिया गया है।

## सूफी साहब के उर्स में पहुंचे अकीदतमंदों को दी गई विदाई

**महाराजगंज (सिवान)** – प्रखंड के छोटका टेघड़ा के खानकाह कादरिया चिश्तिया शरीफ में शैखुल मोशाएख हजरत मौलाना सैयद शाह सूफी सुल्तान मजीद अकरम शाह रहमतुल्लाह का सालाना उर्स में पहुंचे अकीदतमंदों को शनिवार की सुबह विदाई दी गई। इस दौरान सभी ने मुल्क की तरक्की, अमन व शांति के पैगाम की दुआ की। उर्स में देश के कोने-कोने से पहुंचे अकीदतमंदों व सूफी साहब के मुरीदों ने अवाम के लिए दुआएं मांगी। सज्जादानशीं शैखुल मोशाएख हजरत मौलाना सैयद शाह सूफी जाहिद हुसैन कादरी चिश्ती साहब ने पूरी रात कुरान-ए- बयान किया। उन्होंने बताया कि सलामती अंजुमन हिजबुल्लाह सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित उर्स राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। जाति, धर्म व संप्रदाय से ऊपर उठ लोग उर्स में शामिल होते हैं। अंतिम दिन जलसे की कार्रवाई तिलावत-ए-कुरान के साथ हुई। उर्स में पहुंचे शायरों ने नात नखव्वानी किया, तमाम उलेमाओं ने अपनी तकरीर किए। यह सिलसिला आधी रात तक चलता रहा। उसके बाद गद्दी नसीन ने पूरी रात कुरान बयान की। इस दौरान सभी अमो खास के लिए दुआएं की गई। इसी के साथ- सुबह तलाम-व-कुल शरीफ के साथ मजलिस का खात्मा हुआ।

## अमन को जेईई मेंस की परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर स्वजनों में खुशी

**रघुनाथपुर (सिवान)** – प्रखंड के राजपुर निवासी नागेंद्र कुमार द्विवेदी का पुत्र अमन कुमार द्विवेदी ने 2024 की जेईई मेंस की परीक्षा में सफलता हासिल कर जिले के मान बढ़ाया है। उसकी सफलता पर स्वजनों में खुशी का माहौल है। सभी उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं। बताया जाता है कि अमन 2023 में इंटर की परीक्षा महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर सिवान विजयहाता उत्तीर्ण की थी। उसे जेईई मेंस की परीक्षा में सामान्य वर्ग में 93.96 प्रतिशत अंक आया है। उसकी सफलता पर नकुल कुमार शर्मा, रामलाल सिंह, राजेश कुमार रंजन, नवीन सिंह परमार, डा. रीता कुमारी, ओमप्रकाश दुबे, प्रधानाचार्य शंभूशरण तिवारी आदि ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## महागठबंधन प्रत्याशी आकाश ने किया रोड शो

**महाराजगंज (सिवान)** – महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन के संभावित प्रत्याशी कांग्रेस नेता आकाश प्रसाद सिंह ने शनिवार को मुख्यालय में रोड शो किया। रोड शो के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आएगी तो देश में व्याप्त बेरोजगारी, महंगाई और तानाशाही को खत्म किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 10 साल के शासनकाल में देश के प्रधानमंत्री ने लोगों को ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन सांसद ने महाराजगंज के लोगों के लिए अपने 10 साल में क्या किया है, केवल हाथ जोड़ कर लोगों के अभिवादन करने से विकास नहीं हो सकता। उसके लिए सदन में आवाज उठानी पड़ती है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि मेरा महाराजगंज से पुराना नाता और रिश्ता है। जब वे पटना से अपने लोकसभा क्षेत्र में रोड शो करने निकले तो मात्र तीन गाड़ियों के साथ निकले, क्षेत्र में प्रवेश करते करते हजारों गाड़ियों का काफिला जुड़ गया। इस मौके पर यशवंत कुमार चमन, निशिकांत सिंह, सुनील सिंह, अतुल सिंह, भोला सिंह, श्यामदेव राय, अरविंद गुप्ता, बच्चा तिवारी, प्रदुम्न राय, टूटू सिंह समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## मां समेत दो पुत्रों की मौत की घटना के बाद दूसरे दिन गांव में शोक

**सिवान।** सिसवन थाना क्षेत्र के भागर निवासी जयराम राम की पत्नी एवं दो पुत्रों की सड़क दुर्घटना में मौत के दूसरे दिन भी गांव में शोक का माहौल है। वहीं जयराम राम एवं पुत्र चंदन कुमार समेत अन्य स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन है। इस घटना के बाद स्वजन पूरी तरह टूट गए हैं। इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। इस मामले में पीड़ित परिवार द्वारा शनिवार को भी थाना में आवेदन नहीं दिया गया है।ज्ञात हो कि भागर निवासी जयराम राम की पत्नी चिंता देवी शुक्रवार की सुबह अपने दो पुत्रों के साथ बाइक से सारण के एकमा थाना क्षेत्र के देकुली स्थित अपने रिश्तेदारी से घर लौट रही थी। तभी सिसवन स्थित हरेराम ब्रह्मचारी उच्च विद्यालय के समीप सामने से आ रही बस ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे चिंता देवी तथा पुत्र कुंदन कुमार की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि मासूम प्रिंस कुमार का इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं घटना के बाद बस चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया जिसे पुलिस जब्त कर ली है।थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आग लगने से एक घंटे बाधित रहा दारौंदा- सवान विग्रह मुख्य पथ

**दारौंदा (सिवान)** –प्रखंड क्षेत्र के सिरसांव गांव के समीप शनिवार की दोपहर शरारती तत्वों ने झाड़ी में आग लगा दी। इस घटना के बाद खेतों में लगी करीब हजारों की संपत्ति जलकर राख हो गई। इस दौरान दारौंदा- सवान विग्रह मुख्य पथ पर करीब एक घंटे आवागमन बाधित हो गया।कुछ लोगों ने बताया कि सिरसांव में कुछ शरारती तत्वों ने बीड़ी-सिगरेट पीकर उसके टुकड़े को झाड़ी में फेंक दिया था। इस कारण तेज पछुआ हवा के कारण झाड़ी में आग लग गई और फैलती गई। आग की लपट झोर पुल, बिजली सब स्टेशन, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के समीप सड़क किनारे लग गई। इस कारण दारौंदा- सवान विग्रह पथ पर करीब एक घंटे तक आवागमन बाधित रहा। ग्रामीणों ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। कुछ देर में अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंच ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाई। इसके बाद यातायात बहाल हुआ। इस अगलगी में भुसा, लकड़ी, खर समेत हजारों की संपत्ति जलकर राख हो गई।


